गांधी जयंती से प्रदेश के सभी ज़िला अस्पतालों में सिकिल सेल प्रबंधन केंद्र की होगी शुरुआत

चर्चा में क्यों?

28 सितंबर, 2022 को छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंहदेव ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि राज्य में सिकिलसेल की जाँच एवं उपचार की सुविधा सभी ज़िला अस्पतालों में आगामी 2 अक्टूबर से शुरू होगी।

प्रमुख बिंदु

- स्वास्थ्य मंत्री ने बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों से सिकिलसेल प्रबंधन केंद्रों के संबंध में की जा रही आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को सभी अस्पतालों में आने वाले अधिक-से-अधिक मरीज़ों को उपचार एवं परामर्श सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।
- मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि आगामी माह से लोगों को सस्ती दर पर पैथोलॉजी लैब की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये सभी हमर लैब के आस-पास के क्षेत्रों से सैंपल एकत्र किये जाएंगे, जिससे लोगों को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में पैथोलॉजी की सुविधा मिल सके।
- स्वास्थ्य मंत्री ने बैठक में कोविड वैक्सीनेशन में उल्लेखनीय योगदान के लिये बीजापुर ज़िले के उसूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तीन स्वास्थ्य अधिकारी- ज्योति सिदार, नागमणी चिलमुल और रमेश गड्डेम को प्रशस्ति-पत्र एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इन तीनों स्वास्थ्य योद्धाओं ने कोविड वैक्सीनेशन के लिये घुटने तक पानी से भरी तीन नदियों को पैदल पार कर ग्राम मारूड़बाका पहुँच लोगों का वैक्सीनेशन किया था।
- स्वास्थ्य विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. ने स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रदेश में टीबी के बढ़ते मामलों के मद्देनज़र सभी ज़िलों के साथ तीन ज़िले- कोरबा, जशपुर व जगदलपुर में विशेष रूप से टीबी मरीज़ों की जाँच हेतु हर सीएचसी में लैब टेक्नीशियन की उपलब्धता सुनिश्चित कर टीबी मरीज़ों की जाँच बढ़ाने के निर्देश दिये।
- इसके साथ ही उन्होंने लेप्रोसी मरीज़ों की पहचान सभी ज़िलों में गृह भ्रमण कर सुनिश्चित करने, परिवार कल्याण के सभी संसाधनों की उपलब्धता प्रदेश के सभी सीएचसी स्तर पर विशेष रूप से सुनिश्चित करने और सभी ज़िला अस्पतालों में विशेषरूप से रात के समय आईपीडी सर्विसेज की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sickle-cell-management-center-will-be-started-in-all-district-hospitals-of-the-state-from-gandhi-jayanti